सतपुड़ा विधि महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के विद्यार्थियों ने किया सुप्रीम कोर्ट, संसद भवन परिसर का भ्रमण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सतपुड़ा विधि महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के प्राचार्य वेद प्रकाश तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर टूर संयोजक आनंद बाजपेयी के संचालन में महाविद्यालय के 20 विद्यार्थियों के दल ने सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संसद भवन एवं राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली का भ्रमण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष अनुसार महाविद्यालय के विद्यार्थियों का दल विधि का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिये सुप्रीम कोर्ट भ्रमण हेतु जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी 20 विद्यार्थियों का दल कॉलेज के प्राचार्य वेद प्रकाश तिवारी एवं कॉलेज के चेयरमेन नवनीत व्यास के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 12 नवम्बर 2024 को छिन्दवाड़ा से दिल्ली के लिये रवाना हुआ जिनमें विधि के छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक भी शामिल हुए। चूंकि विधि (लॉ) के विद्यार्थी होने के कारण सर्वप्रथम सुप्रीम कोर्ट भ्रमण तथा कोर्ट में संचालित गतिविधियों की रूबरू

जानकारी लेना आवश्यक समझा गया। साथ ही जिला छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना के सांसद विवेक बंटी साहू जी के विशेष सहयोग से विधि के विद्यार्थियों के दल ने हमारे देश की संसद (लोकसभा एवं राज्यसभा) सेंट्रल विस्टा का भ्रमण किया एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रपति भवन मेन बिल्डिंग एवं संग्रहालय का भी भ्रमण कराया गया तथा व्यवहारिक पक्ष से अवगत कराया गया। इस बार यह विजिट डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर के निर्देशों के परिपालन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली में शैक्षणिक विजिट हेतु लॉ के विद्यार्थियों को करायी जिसमें विद्यार्थियों ने एन.एच.आर.सी. की कार्यवाही एवं शिकायत प्रबंधन की व्यवहारिक जानकारी को आयोग के पदाधिकारीगण से विधिवत् प्रक्रिया जानकर सीखा।

महाविद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को सुप्रीम कोर्ट भ्रमण के साथ अन्य स्थानों का भ्रमण इसीलिये कराया जाता है कि जिससे विद्यार्थियों को हमारे देश की कानूनी प्रक्रीया, संस्कृति, सभ्यता एवं इतिहास का ज्ञान हो तथा विभिन्न प्रांतों की विविधता के साथ हमारे देश की अनेकता में एकता की पहचान से रूबरू अवगत होने से विद्यार्थियों में बुद्धि कौशल का विकास होता है तथा उनमें आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होती है जिससे विद्यार्थी भविष्य में देश ही नहीं अपितु विदेश में भी अपनी सफलता का परचम लहराते रहें। साथ ही विद्यार्थियों ने दिल्ली के लोकल साइट सीन का भी भ्रमण किया। इस एजुकेशनल विजिट हेतु कॉलेज के लिये विवांता हास्पिटल छिन्दवाड़ा के संचालक डॉ. पंकज शर्मा जी एवं डॉ. श्रध्दा शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को मेडिकल सहायता हेतु फर्स्ट एड किट नि:शुल्क प्रदान की गई। इस विजिट में यात्रा के दौरान स्वल्पाहार की व्यवस्था गुजराती समाज के सचिव एवं सोसायटी के आजीवन सदस्य योगेश पटेल द्वारा की गई। उक्त शैक्षणिक भ्रमण में नये एवं पुराने संसद भवन भ्रमण संसद की लाइब्रेरी देखने का अवसर विद्यार्थियों को सांसद विवेक बंटी साहू के विशेष सहयोग से प्राप्त हुआ। उक्त पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु सतपुड़ा लॉ कॉलेज के प्राचार्य वेद प्रकाश तिवारी, कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष नवनीत व्यास एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं विधिक सहायता प्रभारी आनन्द बाजपेयी ने संपूर्ण भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों की समुचित व्यवस्था के साथ उक्त सभी को विधिवत् संपन्न बनाया ।

अमरवाड़ा पुलिस द्वारा 60 लीटर शराब जप्त एक आरोपी गिरफ्तार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ए.पी. सिंह के निर्देशन में छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब/मादक पदार्थ की तस्करी, विक्रय व अवैध शराब का भंडारण करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का जिले में विशेष अभियान निरन्तर जारी है जिसके अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अमरवाड़ा रविन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमरवाड़ा द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तत्काल सूचना पर 16 एवं 17 नवम्बर 2024 के दरम्यान रात्रि में ग्राम सकरवाड़ा, सकरवाड़ा डेम के पास से नीलेश उर्फ अभिषेक उइके पिता मनोज उइके उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं.-15 एकलव्य कालेज के पास अमरवाड़ा थाना अमरवाड़ा को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दबिश देकर पकड़ा गया जिसके कब्जे से प्लास्टिक की सफेद रंग की 15-15 लीटर की चार जरिकेन में कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब कीमती 6000 रूपये को आरोपी को गिरफ्तार कर माल मशरूका जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया जाता है। नीलेश उर्फ अभिषेक उइके पिता मनोज उइके उम्र 22 साल निवासी वार्ड नं.15 एकलव्य कालेज के पास अमरवाडा थाना अमरवाड़ा अमरवाड़ा को हाथ भट्टी बनी कच्ची महुआ शराब कुल 60 लीटर कीमती 6000 रूपये की जप्त की।

सार समाचार

माचागोरा डेम से फसलों की सिंचाई का रकबा बढ़ा: बंटी साहू

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा किसानों को रवि की फसल की सिंचाई के लिए विधिवत पूजा-अर्चना कर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में माचागोरा डेम के स्लूस गेट खोलकर नहर में रबी सिंचाई वर्ष 2024-25 के लिये जल प्रवाहित किया गया साथ ही जमुनिया माईक्रो इरिगेशन को भी प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि हमारे प्रदेश की भाजपा की सरकार ने हजारों करोड़ रुपए की लागत से माचागोरा डेम बनाया है डेम बनने से लोगों की प्यास बुझाने के साथ-साथ डेम के माध्यम से लाखों हेक्टर में किसानों की फसल की सिंचाई हो रही है जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है सांसद ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में किसानों को सुविधा मिल रही है मध्य प्रदेश सिंचाई की मामले में पंजाब से आगे बढ़ गया है छिंदवाड़ा में पहले प्यास बुझाने, खेतों में सिंचाई के लिए किसान परेशान होते थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने माचागोरा डेम बनाकर लोगों की परेशानियां दूर की है और इस डेम के माध्यम से भरपूर मात्रा में पानी मिल रहा है।

सांसद के साथ माचागोरा डेम में पं. रमेश दुबे पूर्व विधायक, लखन वर्मा, बंटी पटेल, अजय सक्सेना, सुश्री मोनिका बट्टी, आनंद राय, पारस वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामवासियों की उपस्थिति में एवं मुख्य अभियंता वैनगंगा कछार ए.के. डेहरिया, कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी, उपयंत्री एवं विभागीय मैदानी अमला, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यपालन यंत्री ने बताया कि माचागोरा डेम से रबी सिंचाई वर्ष 2024-25 के लिये छिंदवाड़ा जिले में 43591 हेक्टेयर एवं सिवनी जिले में 41909 हेक्टेयर कुल 85500 हेक्टेयर में सिंचाई का लक्ष्य रखा गया है।

स्व.नरेंद्र शुक्ला की पुण्यतिथि पर गीता स्वाध्याय आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। परंपरागत जड़ी बूटियों और आयुर्वेदिक औषधियो के लिए विख्यात मन्ना महाराज प्रतिष्ठान के शिवकुमार शुक्ला द्वारा विश्व गीता प्रतिष्ठानम् का साप्ताहिक गीता स्वाध्याय विश्व हिंदू परिषद और तुलसी रामायण मंडल के पूर्व अध्यक्ष स्व. नरेंद्र शुक्ला की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ। अवधेश तिवारी पूर्व उद्घोषक आकाशवाणी एवं अध्यक्ष आंचलिक साहित्यकार परिषद ने कहा कि सनातन धर्म के सारे ग्रंथ अगर नष्ट हो जाएं केवल गीता बची रहे तो सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा। विश्व गीता प्रतिष्ठानों के संरक्षक और सांसद विवेक बंटी साहू के पिता नरेंद्र साहू ने कहा कि गीता संसार का एकमात्र सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। राम अवतार में गौ सेवा नहीं करने के कारण कृष्ण रूप में भगवान को अवतरित होना पड़ा।

अ.भा डाक कर्मचारी संघ का 43 वां संभागीय अधिवेशन संपन्न

प्रवीण सोनी अध्यक्ष, अवधेश भारद्वाज सचिव चुने गए

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कल 17 नवम्बर 2024, दिन रविवार को अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ संभागीय शाखा छिंदवाड़ा का 43 वां अधिवेशन संपन्न हुआ।

उक्त अधिवेशन में वर्ग 3 वर्ग 4 एवं ग्रामीण डाक सेवक वर्ग के महासचिव उपस्थित थे साथ ही प्रांतीय स्तर के तीनों संवर्ग के परिमंडल सचिव भी उपस्थित थे। अधिवेशन के दौरान पुरानी पेंशन बहाली, आठवां केंद्रीय वेतनमान का गठन, निजीकरण का पुरजोर विरोध किया गया। अधिवेशन में आगामी वर्ष 2024 से 2026 के लिए कार्यकारिणी के लिए वर्ग 3 से प्रवीण सोनी अध्यक्ष, अवधेश भारद्वाज सचिव चुने गए। इसी इसी प्रकार पोस्ट में चतुर्थ वर्ग से अध्यक्ष संदीप बन्देवार एवं सचिव दिनेश सराठे चुने गए। ग्रामीण डाक सेवक संवर्ग के अध्यक्ष मधु भट्ट एवं सचिव अरविंद कहार चुने गए। खुले अधिवेशन का उद्घाटन वी.एस. राजपूत द्वारा किया गया। विगत दो वर्षों के संभाग में किए गए क्रियाकलाप का विवरण अवधेश भारद्वाज संभागीय सचिव द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 से अधिक कर्मचारी उपस्थित थे।

आज होगा जिला एमेच्योर कुश्ती संघ छिन्दवाड़ा मप्र के सीनियर खिलाड़ियों का चयन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला एमेच्योर कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री म.प्र. शासन डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं संरक्षक एड. देवेन्द्र वर्मा के संरक्षण में चल रहे कुश्ती संघ से जारी विज्ञप्ति में बताया कि कुश्ती के सभी खिलाड़ियों को इंदौर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। सचिव मयूर यादव ने बताया कि सीनियर पुरूष की स्टाईल ग्रीको रोमन स्टाईल एवं महिला फ्री स्टाईल राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता दिनांक 23

एवं 24 नवंबर को कनाड खण्डवा रोड जिला इन्दौर म.प्र. में संपन्न होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु खिलाड़ियों की उम्र 19 वर्ष है, एवं मेडिकल और पेरेन्ट्स का सहमति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

प्रतियोगिता में चयनित होने के लिये खिलाड़ियों को ओलंपिक स्टेडियम ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में प्रात: 7 बजे उपस्थित होना होगा। उक्ताशय की जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र वर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और छिन्दवाड़ा विधायक कमलनाथ

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मैंने अपनी जवानी छिन्दवाड़ा जिले के विकास के लिए पिछले 45 वर्षो से समर्पित किया हूं, अब मैं अपना पूरा जीवन छिन्दवाड़ा जिले को समर्पित करता हूं। जिला अधिवक्ता संघ परिषद के समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनायें। मैंने न्यायालय परिसर में प्रवेश किया तो पुराने दिन याद आ गए कि सन् 1980 में मैं जब भोपाल में छिन्दवाड़ा का नाम लेता था तो लोग कहते थे, कहां है छिन्दवाड़ा नागपुर वाला। दिल्ली में पूछते थे किस प्रदेश में है छिन्दवाड़ा, किन्तु आज छिन्दवाड़ा का नाम व पहचान है। यही मेरी सबसे बड़ी सम्पत्ति है। उक्त उदगार आज म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्त किये।

कमलनाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि उपस्थित न्यायाधीशगण तो नए हैं किन्तु अधिवक्तागण इस बात के गवाह है कि छिन्दवाड़ा से नागपुर पहुंचने में सड़क मार्ग से कितना समय लगता था, सौंसर एक गांव था, ऐसी अनेकों चुनौतियां हमारे सामने थी, किन्तु हम धीरे-धीरे आगे बढ़े। हमारा जिला कृषि प्रधान है इसीलिये मैंने सबसे पहले कृषि क्षेत्र को बढ़ाने पर ध्यान दिया और सोयाबीन की फसल उगाने के लिये किसानों को प्रेरित किया। किसानों में उत्साह के लिये सोयाबीन उगाओ, धन पाओ जैसे नारे लिखवाये। परिणाम स्वरूप में हमारा जिला सोयाबीन उत्पाद में अग्रणी, अब मक्का उत्पाद में अव्वल है। जिले की आर्थिक उन्नति का यह सबसे बड़ा राज है।

श्री नाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि छिन्दवाड़ा देश का इकलौता ऐसा जिला है जहां सर्वाधिक स्किल सेन्टर है। इन सेंटरों से प्रशिक्षण प्राप्त युवा रोजगार से जुड़ रहे हैं तो कोई

स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रहे।

जनता का प्यार व विश्वास लेकर संसद में पहुंचा

संसद में 540 सांसद होते हैं वे जनता का वोट लेकर पहुंचते हैं। मैं उनसे कहता था कि मैं तो जनता का प्यार और विश्वास लेकर आया हूं। आज का छिन्दवाड़ा आप सभी के सामने हैं ओर आगे का छिन्दवाड़ा मेरा सपना है। छिन्दवाड़ा से मिले प्यार व विश्वास का मैं सदा ऋणी हूं। जिले की उन्नति व पहचान के लिये मैंने अपनी जवानी समर्पित कर दी, मेरा जीवन भी छिन्दवाड़ा के लिये समर्पित है।

निर्वाचित पदाधिकारियों ने प्राप्त किये प्रमाण पत्र

म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के हस्ते जिला अधिवक्ता संघ के समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किये। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ परिषद के द्वारा कमलनाथ का शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विधिकार्य में 50 वर्ष पूर्ण करने करने पर म.प्र. राज्य अधिवक्ता संघ परिषद के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता गंगाप्रसाद तिवारी सहित अन्य 13 अधिवक्ताओं का शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर पूर्व सी.एम. कमलनाथ ने सम्मान किया।

अध्यक्ष ने रखी अधिवक्ता संघ की ओर से मांग

जिला अधिवक्ता संघ परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा ने अपने उदबोधन में कहा कि कमलनाथ के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में जिला अधिवक्ता संघ परिषद को वन विभाग एवं मौसम विभाग की जमीन प्राप्त हुई हस्तांतरित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी किन्तु किन्हीं कारणों से जमीन आवंटित नहीं हो पाई। उन्होंने कमलनाथ से आग्रह किया कि उनके प्रयासों से अगर दोनों ही जमीनों का आवंटन हो जाता है तो अधिवक्ताओं से लिये सर्वसुविधायुक्त बाररूम व चैम्बर बन जाएंगे। वर्तमान में महिला अधिवक्ताओं को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं के द्वारा एक मांग पत्र भी कमलनाथ को सौंपा गया जिस पर उन्होंने कहा कि हर संभव प्रयास किये जाएंगे।

आयोजित कार्यक्रम में राज्य अधिवक्ता संघ परिषद के कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने नवगठित कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, वर्तमान जिला अधिवक्ता संघ परिषद के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, पूर्व जिला अधिवक्ता संघ परिषद के पदाधिकारी व समस्त अधिवक्तागण व न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे। 14 ऐसे अधिवक्ताओं को सम्मान किया गया जिनकी वकालत की 50 वर्ष सेवाऐं पूर्ण हो चुकी है उसमें पंडित गंगाप्रसाद तिवारी और बलकरण पटेल मुख्य रूप से शामिल है।

कॉम्बिंग गश्त के दौरान मादक पदार्थ गांजा पर कार्यवाही कर 62 वारंटियों को पकड़ा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं फरार वारंटियों को पकड़ने/कानून व्यवस्था बनाये रखने, आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा मनीष खत्री द्वारा विशेष मुहीम चलाई जा रही है, जिसमें कल 17 नवम्बर 24 की रात्रि कॉम्बिंग गस्त के दौरान छिन्दवाड़ा पुलिस ने 05 पुलिस टीम व 01 तकनीकी टीम सहित कुल 06 टीम गठित की गई। महाराष्ट्र बार्डर से जुड़े थाना क्षेत्र बिछुआ व मोहखेड में जिला पान्ढुर्ना पुलिस के सहयोग से नाके (पुलिस चेकिंग बेरियर) लगाये गए। इस दौरान छिंदवाड़ा पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के छिंदवाड़ा शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया गया, कॉम्बिंग गश्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गश्त के लिये रवाना कियाए पुलिस टीम द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा वारंटियो को पकड़ने व गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर पुलिस टीमों द्वारा 12 स्थाई व 50 गिरफ्तारी इस प्रकार कुल 62 वारंटियो को दबिश / घेराबंदी / नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

जिलें में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चौरई सौरभ तिवारी के नेतृत्व में थाना चौरई द्वारा सर्वाधिक वारंट तामील किया गया,

जिसमे 7 गिरफ्तारी वारंट, 02 स्थारयी वारंटियों को गिरफ्तार किया व नगर पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय राणा के नेतृत्व में थाना देहात में 04 स्थायी वारंट व 04 गिरफ्तारी वारंटियो को गिरफ्तार किया, सभी गिरफ्तार वारंटियो को न्यायालय पेश किया जाता हैं उक्ता सभी टीमों के द्वारा किया गया कार्य सराहनीय महत्वपूर्ण है ।

कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान थाना देहात पुलिस टीम द्वारा सफलता हासिल करते हुए मुखबिर सूचना पर अवैध मादक पदार्थ (गांजा) की मात्रा 1 किलो 298 ग्राम कीमती 24,000/- (चौबिस हजार रुपये) का जप्त कर आरोपी के विरुद्ध एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। 16 नवम्बर 24 को मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सघनता से काम्बिग गस्त करते हुये ग्राम छापर गुलाबचंद यदुवंशी के खेत के सामने नीम पेड़ के पास रास्ते में पहुंचकर मुखबिर के बताये अनुसार हुलिया के व्यक्ति को दबिश/घेराबंदी कर पकड़ा गया, बारीकी से पूछताछ की गई, पूछताछ पर अपना नाम 'अनुज पिता संतोष शर्मा उम्र 19 साल निवासी गुरैया छापर देहात बताया तलाशी लेने पर कब्जे से अवैध मादक पदार्थ (गांजा) लगभग 1 किलो 298 ग्राम कीमती 24,00/- चौबिस हजार रुपये का जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई।

आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियों जिले के गुंडा निगरानी बदमाश, जिला बदर के अपराधियों, जेल से रिहा आरोपियों, कबाड़ियों को काम्बिंग ऑपरेशनके दौरान पुलिस टीम द्वारा सघनता से चेक किया गया व गुम इंसानो (व्यक्तियों) की दस्तायाबी की गई, जिसमें 113 गुंडा बदमाश, 82 निगरानी बदमाश, 11 जिला बदर के अपराधियों, 18 जेल से रिहा, 46 कबाड़ियों को चेक कर थाना रिकार्ड में इंद्राज किया गया तथा थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा तलाश की गई जिसमें 02 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया।

पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकार्ड को अपडेट किया गया।

सार समाचार

ग्रामीण परिवेश के आदिवासी बालिका हिमानी भलावी ने तायक्वांडो में रचा इतिहास

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कोई भी व्यक्ति यदि किसी कार्य के लिए संकल्पित है और उस दिशा में वह लगातार प्रयास करता है तो संकल्प की सिद्धि अवश्य होती है। ऐसे ही एक उदाहरण है छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विकासखंड के गुढ़ी निवासी 17 वर्षीय हिमानी भलावी जो जुन्नारदेव के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में कक्षा 12 वीं की छात्रा है। हिमानी ने बताया कि पढ़ाई के दौरान उसके शिक्षक ने सेल्फ डिफेंस के लिए कराटे और कोरियाई मार्शल आर्ट तायक्वोंडो के बारे में जानकारी दी, तायक्वोंडो उसे अच्छा लगा और उस दिशा में वह स्थानीय स्तर पर प्रयास करने लगी। सबसे पहले वह पास के गांव बावनवाड़ा में फिर जनपद स्तर पर जहां उसके प्रदर्शन को काफी सराहना मिली। उसने शहडोल में आयोजित तायक्वोंडो खेल में भाग लिया और राज्य स्तर तायक्वोंडो खेल इंदौर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिससे उसका चयन जबलपुर में आयोजित राष्ट्रीय तायक्वोंडो प्रतियोगिता जबलपुर के लिए हुआ। हिमानी कहती है कि सितम्बर 2024 में वह मैंगलोर में अंतर्राष्ट्रीय तायक्वोंडो में भाग ली, जहां उसे कांस्य पदक मिला। अभी वह अपनी प्रशिक्षक डॉली चौरे के साथ जबलपुर में आयोजित संभागीय स्तरीय खेल में भाग लेने आई हैं। हिमानी कहती है कि सभी को सेल्फ डिफेंस के लिए कराटे या कराटे का दूसरा रूप तायक्वोंडो आना चाहिए। हिमानी भलावी एक ग्रामीण परिवेश की बालिका है, जिसके माता-पिता कृषि कार्य करते हैं, उनकी एक बड़ी बहन है जो कॉलेज में अध्यनरत है। वह तायक्वोंडो खेल को लेकर काफी उत्साहित है और कहती है कि खेल से जहां शारीरिक स्वस्थता बनी रहती है वहीं सेल्फ डिफेंस के साथ अच्छा फ्यूचर है। हिमानी को जिले के खेल पदाधिकारियों ने शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

66 बालिकाओं को वितरित की नि:शुल्क साइकिलें

मोहखेड़, देशबन्धु। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मोहखेड़ में 66 बच्चों को नि:शुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सदन साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदन साहू, सरपंच पति फैयाज खान, सूरज सोनघरे, पूर्व जनपद सदस्य मनोज साहू, सुदामा डोबले, मोनू साहू, कमलकांत साहू, श्रीराम साहू, विनोद सुनेजा, संस्था से जगदीश ज्ञयार और शिक्षक गण उपस्थित थ

भगवान रूकमणी विट्ठल हरिनाम सप्ताह का समापन

मोहखेड़, देशबन्धु। कार्तिक माह के अवसर पर ग्राम जाम में 8 नवंबर से प्रारंभ हुई भगवान रुक्मिणी विट्ठल जी के हरि नाम सप्ताह के अखंड कार्यक्रम एवं 14 नवंबर को भगवान रुक्मिणी विट्ठल की पालकी का ग्राम जाम में नगर भवन कराया गया व हरिहर भगवान का मिलन हुआ। भगवान भोलेनाथ जी का भी विशेष श्रृंगार किया गयाए एवं 15 नवंबर को अखंड हरी नाम सप्ताह का समापन हुआ, दही लाई की गई एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

नेट बॉल स्पर्धा खेल के शुभारंभ पर राजेश जुनेजा दारा ने सहयोग देने कहा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला नेट बॉल संघ द्वारा जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर व सीनियर महिला पुरुष/बालक /बालिका प्रतियोगिता का शुभारंभ राजेश जुनेजा (दारा) के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय पुलिस ग्राउंड खेल परिसर में आयोजित किया गया। इसमें जिले भर के 45 महिला खिलाड़ी व 35 पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दारा जुनेजा ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले में खेल की प्रतिभाएं बहुत है जिन्हें हर संभव सहयोग प्रदान कर उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। उन्होंने स्पर्धा में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। खेल अधिकारी व संघ के पदाधिकारी सचिन तिवारी तथा राजेंद्र झांझोट ने प्रतियोगिता की संपूर्ण जानकारी प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु विशिष्ट अतिथि के रूप में जे.पी. साहू, आशीष वरैया, जावेद खान, सचिन तिवारी तथा आयोजन समिति में शोभित वंदेवर, प्रशांत वाभरकर, सौरभ पोखर, मोहित गोहिया, विनय खरे, पंकज दुबे, आशीष चौहान, अनुराग सूर्यवंशी, राहुल चौरसिया, अनीश खान विशेष रूप से उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी मानसी पवार, अंकिता यहाके, पलक बड़ीवा व कनक गौतम का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर राम शांति विद्या मंदिर पांढुर्णा व दूसरे स्थान पर संस्कार वैली पब्लिक स्कूल चंदनगाव छिंदवाड़ा तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर पोदार इंटरनेशनल स्कूल छिंदवाड़ा व दूसरे स्थान पर संस्कार वैली पब्लिक स्कूल चन्दनगाव छिंदवाड़ा रही। निर्णायक पंकज दुबे रहे। चयनित टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 22 नवंबर को भोपाल रवाना होगी।

पेंशनर्स समाज ने किया सांसद विवेक बंटी साहू का सम्मान

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज ने दीपावली मिलन समारोह सांसद बंटी विवेक साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया। समारोह में दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती पूजन के पश्चात जिला कार्यकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों ने सांसद विवेक बंटी साहू का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष एस0डी0ए0 तिवारी द्वारा संगठन की गतिविधियों से मुख्य अतिथि को अवगत कराया गया तथा आठ सूत्रीय मांग पत्र पत्र प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन में सभी 12 तहसीलों के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे मंच संचालन छगन दवे एवं श्रीमती ब्राउन ने किया। ज्ञापन एस.डी.ए. तिवारी के साथ वी.के.एस. परिहार, सतीश मिश्रा, उपस्थित थे। कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के सैकड़ों की संख्या में सदस्य जिसमें 70 वर्ष से अधिक पेंशनधारी काफी संख्या में उपस्थित होकर दीपावली मिलन समारोह एवं सांसद के सम्मान समरोह में शामिल हुए।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी तथा भाजपा नेत्री मोनिका बट्टी उपस्थित थी।

डॉ. अम्बेडकर तिराहे पर भारतीय बौद्ध महासभा संविधान दिवस का करेगी आयोजन: लोखण्डे

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष एड़ रमेश लोखंडे द्वारा बताया गया कि भारतीय बौद्ध महासभा त्रिरत्न जनकल्याण समिति सुजाता महिला संघ के द्वारा डॉ0 अम्बेडकर वाचनालय में संविधान दिवस मनाये जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया है। जहाँ डॉ. अम्बेडकर तिराहे पर 26 नवम्बर 2024 को प्रात: 9:30 बजे से संविधान दिवस समारोह का आयोजन नगर निगम महापौर विक्रम आहके के मुख्य अतिथ्य में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा रानी दुर्गावती चौक से रैली 9:30 बजे आयोजित करेंगी, एवं त्रिरत्न जनकल्याण समिति सुजाता महिला संघ प्रात: 9:30 बजे डॉ. अम्बेडकर लायब्रेरी भवन से रैली आयोजित करेगी, दोनों रैलियाँ 10:30 बजे डॉ. अम्बेडकर तिराहे पहुंचेगी जहाँ 10:45 को डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात् पंचशील ध्वजारोहण, सामुहिक बुद्ध वंदना, संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं आमंत्रित अतिथियों के उद्बोधन सम्पन्न होंगे। संविधान दिवस समारोह पर उपस्थित होने हेतु भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष एड़ रमेश लोखंडे, जिला उपाध्यक्ष एड़. राजेश सांगोड़े, त्रिरत्न जनकल्याण समिति संरक्षक एस.आर.बेले, मनोहर नारनवरे, डॉ. श्यामकुवर, वसंता सोमकुवर, रमेश सहारे, लक्ष्मीकांत पाटिल, भीमराव सोमकुवर, विनोद नगरारे, सुजाता महिला संघ अध्यक्ष चन्द्रकला बेले, सचिव ममता सहारे, सुनीता निकासे, सरोज गालाईत, आशा नगरारे, अध्यक्ष निलेश मांडेकर, अर्जुन नायक, राघवेन्द्र सोमकुवर, नवीन डेहरिया, मोहन मानकर, संदीप गोलाईत, राहूल शेंडे द्वारा जिले के समस्त उपासक उपासिका एवं भीम सैनिकों से संविधान दिवस के अवसर पर उपस्थित होने की अपील की है।

केंद्रीय कर्यालय गुढ़ी अंबाड़ा में सीटू यूनियन ने मनाया अक्टूबर क्रान्ति दिवस

गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु। कन्हान पेंच की धरती पर आज भी मजदूरों और किसानों की सत्ता को याद करते हुए विश्व में पूंजीपतियों, सामंतवादी और साम्राज्यवादी शासकों को सत्ता से उखाड़ फेंककर मजदूर किसानों को सत्ता पर काबिज होते हुए विचारधारा को सत्ताशीन होने के पर्व को याद करते हुए महान् अक्टूबर क्रान्ति दिवस सीटू यूनियन के केंद्रीय कार्यालय शहीद भवन गुढ़ी अंबाडा में मनाया गया। जिसमें तानसी, घोड़ावाड़ी, अंबाडा, बडकुही, परासिया सहित नेहरिया से सैकड़ों की संख्या में ठेकेदारी कामगार महिला सहित शाखा पदाधिकारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने शामिल हुए जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अक्टूबर क्रान्ति दिवस पर विशेषकर अपनी बात रखी।

निर्माणाधीन फैक्ट्री की पांचवी मंजिल से गिरने से कामगार की मौत हुई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। निर्माणाधीन फैक्ट्री की पांचवीं मंजिल से गिरने से काम कर रहे युवक की मौत हो गई।

कोतवाली के सहायक उप निरीक्षक नारायण सिंह बघेल ने बताया बलराम विश्वकर्मा नाम का एक व्यक्ति फैक्ट्री बनवा रहा है। जहां 5वीं मंजिल में निर्माण के दौरान जामुनझिरी निवासी अमन पिता मनोज ऊइके 19 वर्ष अचानक नीचे गिर गया उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मदीने वाले से मेरा सलाम कहना- अल्लाहुम्मा लब्बैक की सदा लगाते हुए अम्बाड़ा से उमराह के लिए निकले जायरीन

गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु। अम्बाड़ा निवासी जनाब शेख साहिल एवं उनकी पत्नी (बीबी) कमरुन निशा 02 जायरीन हजरात उमराह के लिए रवाना हुए। इस दौरान अल्लाह हुम्मा लब्बैक, अल्लाहुम्मा लब्बैक की सदा लगाते हुए मक्का शरीफ मदीना शरीफ के लिए रवाना हुए। इस दौरान उनका जगह-जगह फूल मालाओं से इस्तकबाल किया गया एवं फतेहा पढ़ा गया सभी ने अम्बाड़ा इमामबाड़ा के पास एकजुट होकर सलातो सलाम पढ़ा एवं मुल्क में अमन व चैन कायम रहे इसकी दुआ मांगी गई। गौरतलब है कि जायरीन हजरात रविवार की सुबह

पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन से इटारसी पहुंचेंगे वहां से एक्सप्रेस ट्रेन से मुंबई पहुंचेंगे एवं मुंबई से 19 नवम्बर सोमवार को हवाई जहाज के माध्यम से सऊदी अरब के जद्दा एयरपोर्ट पहुंचेंगे एवं मक्का शरीफ पहुंचकर खाने काबा शरीफका तवाफकरेंगे एवं मदीना शरीफ पहुंचकर पैग़ंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के रोजे की जियारत करेंगे। उमराह के अरकान पूरे करेंगे। इस मौके पर शेख शमी, वसीम शेख, शेख शोहिब, शेख अनवर, माजिद खान, जामा मस्जिद गुढ़ी अंबाड़ा मोअज्जम जुनैद खान रजवी, सैयद एजाज अली, गयास अहमद सिद्दीकी, अकबर अली, मुस्तकीम अंसारी, शेख वसीम (राजा), अब्दुल्ला खान, मोवरफीक, शेख गोलू सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के अलावा क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित रहे।